# डम डम डमरू बजाए मेरा जोगी

डम डम डमरू बजाए मेरा जोगी,
जाने कैसी माया रचाए मेरा जोगी,
डम डम डमरू बजाये मेरा जोगी.........

ध्यान में ये बैठा रखे सबकी खबर है,
भक्तो पे रखता ये अपनी नज़र है,
भक्तो पे जान लुटाए मेरा जोगी,
भक्तो पे जान लुटाए मेरा जोगी,
डम डम डमरू बजाये मेरा जोगी.........

मेवा नहीं मांगे पकवान नहीं मांगे,
महल अटारी आलिशान नहीं मांगे,
भक्ति से खुश हो जाए मेरा जोगी,
भक्ति से खुश हो जाए मेरा जोगी,
डम डम डमरू बजाये मेरा जोगी.........

शिव से है मिलना तो जानले ये रस्ता,
भोले भाले भक्तो के दिल में ये बसता,
भक्तो का दिल ना दुखाए मेरा जोगी,
भक्तो का दिल ना दुखाए मेरा जोगी,
डम डम डमरू बजाये मेरा जोगी.........

इसके इशारे पे जग सारा डोले,
ॐ की ध्वनि सारा ब्रम्हांड बोले,
'उर्मिल' लीला दिखलाए मेरा जोगी,
'उर्मिल' लीला दिखलाए मेरा जोगी,
डम डम डमरू बजाये मेरा जोगी,
डम डम डमरू बजाए मेरा जोगी,
जाने कैसी माया रचाए मेरा जोगी,
डम डम डमरू बजाये मेरा जोगी......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23658/title/dam-dam-damru-bajaye-mera-jogi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |